EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् Connecting. Empowering. Transforming.
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

13-17 OCTOBER 2025 Autumn
IHGF DELHI FAIR
60th Edition INDIA EXPO CENTRE & MART, GREATER NOIDA EXPRESSWAY, DELHI-NCR

**प्रेस विज्ञप्ति – दूसरा दिन 2**

**60वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला – ऑटम 2025**

**13–17 अक्टूबर 2025; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा**

"प्रदर्शनी का स्केल और तेजी से बदलती परिस्थितियों के अनुकूल निर्यातकों में बदलाव सराहनीय"**

**उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री, श्री नंद गोपाल 'नंदी' ने आईएचजीएफ दिल्ली मेला–ऑटम 2025 का दौरा किया।**

आज मेले का दौरा करने वाले गणमान्य अतिथियों में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन /निर्यात आयुक्त और आईडीसी श्री आलोक कुमार शामिल

प्रसिद्ध उद्योग विशेषज्ञों की उपस्थिति में पैनल चर्चा का आयोजन, सूचनापरक पैनल चर्चा में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की

**दिल्ली/एनसीआर – 14 अक्टूबर 2025–** उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री नंद गोपाल 'नंदी' ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहे आईएचजीएफ दिल्ली मेला–ऑटम 2025 का दौरा किया। उन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण किया, प्रदर्शकों से बातचीत की और इस आयोजन में स्पष्ट तौर पर दिख रही इस सेक्टर की ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना की सराहना की।

उनका स्वागत हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना; ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार; ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता; ईपीसीएच के मुख्य संयोजक श्री अवधेश अग्रवाल; आईएचजीएफ दिल्ली फेयर–ऑटम 2025 के अध्यक्ष श्री रजत अस्थाना; उपाध्यक्षगण – श्री सिमरदीप सिंह कोहली, श्री रोहित धल्ल; तथा ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक,श्री आर. के. वर्मा द्वारा किया गया।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "आईएचजीएफ दिल्ली फेयर–ऑटम 2025 के दूसरे दिन कई देशों, विशेष रूप से यूरोपीय देशों से खरीदारों की भारी आवाजाही देखी गई, जिससे व्यावसायिक माहौल काफी व्यस्त रहा। उन्होंने नई रेंज की सराहना की और कुछ ने तो ऑर्डर भी फाइनल कर दिए हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण की थीम को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मेले में आगंतुकों और प्रदर्शकों को दी जा रही सुविधाओं को भी सराहा गया है। पहली बार आए कई खरीदारों ने कहा कि आईएचजीएफ दिल्ली फेयर का प्रत्यक्ष तौर पर अनुभव करना बहुत जरुरी है। जिससे इसके जीवंत हस्तशिल्प उद्योग की झलक मिल सके।"

नीदरलैंड्स से आए हांस होल्टरमैन इस मेले में लगातार पांचवीं बार आए हैं। उन्होंने बताया कि वे भारत से फर्नीचर खरीदने के इच्छुक हैं और ऑर्डर फाइनल कर रहे हैं। उन्होंने मेले की नई सजावट और बेहतर खरीदार सेवाओं की भी प्रशंसा की। भारतीय शिल्पकला से सजे सजावटी उत्पादों के लिए आईं फ्रांस की खरीदार लोपेज मैरिएन ने मेले को ऊर्जा से भरा, जीवंत और सुंदर रूप से सजाया हुआ बताया।

दक्षिण कोरिया के नियमित खरीदार सैमसन ने इस अवसर पर साझा किया कि वे भारत इसलिए आते हैं क्योंकि उन्हें यहां के उत्पादों की गुणवत्ता और डिज़ाइन पसंद है। इस बार वे विशेष रूप से पीतल और एल्युमिनियम से बने घरेलू जीवनशैली उत्पादों की खरीद के लिए आए हैं।

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि कैसे नियमित खरीदार इस मेले के माध्यम से भारतीय हस्तशिल्प व्यापार से जुड़ गए हैं। "कुछ खरीदार गुणवत्ता और विविधता की सराहना करते हैं, जबकि कुछ भारतीय व्यवसायों के संचालन के तरीके की प्रशंसा करते हैं। मेले की तरह ही हस्तशिल्प क्षेत्र ने डिज़ाइन, उत्पादन, मार्केटिंग और तकनीक जैसे सभी पहलुओं में समावेश की भावना और प्रगति के साथ निरंतर विकास किया है। भारत में वर्षों से व्यापार कर रहे हमारे संरक्षक भारतीय विक्रेताओं की परिष्कृत कार्यशैली में आए बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से देख चुके हैं। उनका कहना है कि पिछले दशक में भारतीय उत्पादों की क्वालिटी और डाइवर्सिटी दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है क्योंकि निर्माता निर्माण से लेकर निर्यात तक की पूरी प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखते हैं।"

इस मौके पर ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने गणमान्य व्यक्तियों के दौरे के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "आज का दिन विशेष रहा क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश सरकार/निर्यात आयुक्त, आईडीसी श्री आलोक कुमार और सुश्री मेधा रूपम, आईएएस जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) ने भी मेले का दौरा किया।"

अपनी बात को विस्तार देते हुए श्री मेहता ने बताया कि जो प्रदर्शक लगातार आईएचजीएफ दिल्ली फेयर में भाग ले रहे हैं, उन्हें आज हस्तशिल्प क्षेत्र के एंबैसेडर के रूप में सम्मानित किया गया। इसके जरिए शो से उनके लंबे समय से रहे जुड़ाव का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना; ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार; ईपीसीएच के मुख्य संयोजक श्री अवधेश अग्रवाल; ईपीसीएच के पूर्व अध्यक्ष एवं सीओए सदस्य श्री राज के मल्होत्रा, श्री रवि के पासी, श्री नवेद उर रहमान और ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा उपस्थित रहे ।

सम्मानित व्यक्तियों में सुश्री सिमरन, मेसर्स सेंचुरी एक्सपोर्ट्स इंक, मुरादाबाद; श्री गगन दुग्गल, मेसर्स दुग्गल संस, मुरादाबाद; श्री सतीश धीर, मेसर्स हाईलैंड एक्सपोर्ट्स, मुरादाबाद; श्री इकराम उल हक, मेसर्स हक ब्रदर्स, मुरादाबाद; श्री विनय गुलाटी, मेसर्स गुलाटी एक्सपोर्ट्स, मुरादाबाद; श्री विकास अरोड़ा, मेसर्स गिल्डार्ट, मुरादाबाद और श्री अनुज गर्ग, मेसर्स गर्ग संस एक्सपोर्ट्स, मुरादाबाद शामिल रहे ।

आईएचजीएफ दिल्ली मेला–ऑटम 2025 के अध्यक्ष श्री रजत अस्थाना ने बताया, "आगामी दिनों में ऐसे और सेमिनार और चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इनका उद्देश्य निर्यातकों और व्यवसायों को विकास और तकनीक आधारित नवाचार के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देना है।"

इस अवसर पर ईपीसीएच के मुख्य संयोजक श्री अवधेश अग्रवाल ने बताया, कि आज नॉलेज सत्रों की शुरुआत की गयी है। इसकी शुरुआत “बियॉन्ड सीज़न्स: ट्रेंड्स फॉर नेक्स्ट जेनरेशन” विषयक एक शानदार पैनल चर् से की गयी। यह पैनल चर्चा आज के तेजी से बदलते समय में तकनीकी रूप से अत्यंत प्रासंगिक है। अपनी बात को विस्तार देते हुए उन्होंने कहा कि “इस सत्र का हिस्सा प्रख्यात इंडस्ट्री विशेषज्ञ रहे जिनके पास अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव और व्यावहारिक जानकारी है। उन्होंने दर्शकों को बांधे रखा। बातचीत में एआई के उपयोग से रुझानों की पहचान, रैपिड वैरिएंटिंग, मटीरियल इवैल्युएश और मांग का पूर्वानुमान जैसे विषयों को शामिल किया गया ताकि सेक्टर में होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।”

इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने कहा, “मेले में क्षेत्रीय प्रदर्शन और लाइव शिल्प प्रदर्शन ने आगंतुकों के मनोबल को ऊंचा किया है। मेला परिसर के केंद्रीय क्षेत्र में, स्थानीय रूप से प्राप्त कच्चे माल और पारंपरिक कौशल में विशेषज्ञता रखने वाले कारीगरों, डिज़ाइनरों और उद्यमियों ने अपने संग्रह प्रस्तुत किए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने की उम्मीद रखते हैं। उन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और कुछ ने खरीदारों के साथ आगे की योजना के लिए नेटवर्किंग भी की है।”

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम, लाइफस्टाइल, टेक्स्टाइल, फर्नीचर और फैशन जूलरी ऐंड एक्सेसरीज प्रॉडक्ट के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान हस्तशिल्प का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन डॉलर) रहा।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**


श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक ईपीसीएच;

+91-9810697868

**PRESS RELEASE – Day 2**

**60th IHGF Delhi Fair – AUTUMN 2025**
**13th– 17th October 2025; India Expo Centre, Greater Noida**

**"Scale of exhibition and dynamism of exporters praiseworthy"**

**Shri Nand Gopal 'Nandi', Cabinet Minister for Industrial Development, Export Promotion, NRI and Investment Promotion, Government of Uttar Pradesh, visits IHGF Delhi Fair-Autumn 2025**

Shri Alok Kumar, Additional Chief Secretary, Micro, Small & Medium Enterprises and Export Promotion, Government of Uttar Pradesh/Export Commissioner, IDC, among Govt. dignitaries who visited fair today

Informative and Engaging Panel Discussion with Eminent Industry Experts, well attended

**Delhi/NCR – 14th October 2025** - Shri Nand Gopal 'Nandi', Cabinet Minister for Industrial Development, Export Promotion, NRI and Investment Promotion, Government of Uttar Pradesh, visited the ongoing IHGF Delhi Fair-Autumn 2025, being held at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida. He toured the exhibits, engaging with the exhibitors and praised the sector's dynamism and competitive spirit, which are evidently reflected in the event. He was received by Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH; Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman, IEML; Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH; Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH; Mr. Rajat Asthana, President, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025; Vice Presidents, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025 - Mr. Simrandeep Singh Kohli, Mr. Rohit Dhall; and Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH.

Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH shared, "The second day of IHGF Delhi Fair – Autumn 2025 witnessed strong buyer traffic from many countries, particularly European nations, keeping the business hours busy as they thronged the exhibitor stalls. They have appreciated the new ranges and some have already finalised orders. The theme look for this milestone edition has been well noticed and our fair facilities have been taken note of. Many first time buyers have said the IHGF Delhi Fair is to be experienced first-hand to know it and the vibrant handicrafts industry it represents."

Hans Holterman from Netherlands, visiting the fair for the fifth time in a row, shared that he is keen to source furniture from India. He is finalising orders already. He also appreciated the new look and enhanced buyer services at the fair. Lopez Mariane, a buyer from France is here for decoratives with intricate Indian craftsmanship. She calls the fair energetic, full of life and looks beautifully decorated. Samson, a regular buyer from South Korea, shared that he visits India because he loves the quality and design of products here. This time, he is here specifically to source brass and aluminium items home lifestyle.

Dr. Rakesh Kumar, Director General, in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman-IEML, shared about how regular buyers have associated with the Indian handicrafts trade through this fair. "Some of our buyers are appreciating quality and variety while some admire how Indian businesses conduct themselves. Just like the fair, the handicraft sector has grown from strength to strength with inclusivity as well as advancements in all aspects like, design, production, marketing and technology. Many of our patrons doing business in India since years have first-hand experiences of witnessing major progress in the sophistication of Indian vendors. They say, the quality and variety of Indian products have increased over the decade as makers of the products take significant care of the whole process from manufacturing till exporting."

Speaking about visit of dignitaries to the fair, Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman, EPCH said, “Today was also significant with the visit of Shri Alok Kumar Additional Chief Secretary, Micro, Small & Medium Enterprises and Export Promotion, Government of Uttar Pradesh/Export Commissioner, IDC and Ms. Medha Roopam, IAS District Magistrate Gautam Buddh Nagar (Noida)”. Mr. Mehta further added that exhibitors who have been participating in the IHGF Delhi Fair consistently were felicitated today as Pioneers of Handicraft Sector, acknowledging their long-standing association with the show.

Present at this felicitation ceremony were, Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH; Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman, IEML; Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH; Former Chairman and COA Member, EPCH-Mr. Raj K Malhotra, Mr. Ravi K Passi, Mr. Naved ur Rehman and Mr. R K Verma, Executive Director, EPCH. The felicitated are Ms. Simran, M/s Century Exports Inc, Moradabad; Mr. Gagan Duggal, M/s Duggal Sons, Moradabad; Mr. Satish Dhir, M/s Highland Exports, Moradabad; Mr. Ikram Ul Haq, M/s Haq Brothers, Moradabad; Mr. Vinay Gulati, M/s Gulati Exports, Moradabad; Mr. Vikas Arora, M/s Guildart, Moradabad and Mr. Anuj Garg, M/s Garg Sons Exports, Moradabad.

Mr. Rajat Asthana, President, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025, informed, “More of such seminars and discussions are planned for the coming days. They are designed to guide exporters and businesses on various aspects of growth and tech backed innovation.”

Shri Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH, informed that supporting knowledge sessions have begun today with an engaging Panel Discussion on Beyond Seasons: Trends for Next Generation that is technologically very relevant in today’s fast changing times. “Eminent industry experts with significant experience and practical exposure in their fields were part of the session and held a captive audience. The interactions explored the use of AI for trend sensing, rapid varianting, material evaluation and demand forecasting to minimise risk.

Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH said, “The regional displays and live craft demonstrations at the fair uplift the visitors’ mood in the fair complex’s central area. Here, artisans, designers and entrepreneurs with their expertise in locally sourced raw material and tradition backed skills, have showcased their assortments, hopeful of attention by the international audience. They have been noticed well and some of them have networked with buyers for the way ahead."

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institution for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture, interior accessories, textiles, fashion jewellery & accessories, gifts and more products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million) Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH, further said.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English with photos





Photo 1 & 2: Shri Nand Gopal ‘Nandi’, Cabinet Minister for Industrial Development, Export Promotion, NRI and Investment Promotion, Government of Uttar Pradesh alongwith Dr. Neeraj Khanna, Chairman-EPCH; Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor-EPCH & Chairman IEML; Mr. Avdesh Agarwal, Chief Convenor, EPCH; Mr. Rajat Asthana, President, IHGF Delhi Fair-Autumn 2025, Mr. Salman Azam, Member CoA-EPCH and Mr. Najmul Islam, Patron, Artisan Society, Moradabad visited and interacted with the participants of 60th IHGF Delhi Fair – Autumn 2025 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida.




Photo 3: EPCH organised a "Panel Discussion on Beyond Seasons: Trends for Next Generation" with large number of member participants of 60th edition of IHGF-Delhi Fair – Autumn'25 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida.



Photo 4: Overseas Buyers Transacting Business with the Exhibitors during 60th IHGF Delhi Fair – Autumn 2025 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida.